52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:29 सूर्यास्त : 7:20 | वर्ष : 52/ अंक : 194 | रविवार, 14 जुलाई 2024 | आषाढ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

न्यूनतम 24.6°c
अधिकतम 34.5 °c

**अमृतवाणी**
जो चादर से ज्यादा
पैर पसारते हैं,
उन्हें एक दिन हाथ भी
पसारने पड़ते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

तीसरे कार्यकाल में हम तीन गुणा रफ़्तार से काम करेंगे : मोदी



विपक्ष दो गुणी ताकत से विरोध की तैयारी कर रहा है.....

# शर्मा जी का सपना होगा साकार, कुंद नहीं होगी बुलेटिन की धार

## ▶ स्व.उत्तमचंद्र शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने जुटे नगर के डॉक्टर, अधिवक्ता, मंत्री, सांसद, नेता, उद्योगपति, व्यापारी, सीए आदि

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चंद्र शर्मा की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा में समाज के तमाम वर्गों के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें बेबाक और साहसी पत्रकारिता का पुरोधा बताते हुए आशा जताई कि संपादक अंकुर दुआ उनकी जलाई मशाल को और अधिक जिम्मेदारी से थामते हुए जनसापेक्ष पत्रकारिता और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इसे आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

**अंकुर दुआ** ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि बाबू जी ने बुलेटिन को जो धार खबरों के रूप में दी उसे वे कुंद नहीं होने देंगे। सनातन धर्म सभा भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में तमाम गणमान्य लोगों ने शर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ **डॉ. मुकेश जैन** ने कहा कि उत्तम चंद्र शर्मा जी और बुलेटिन अखबार से उनका जो रिश्ता रहा है, उसे वे शब्दों में बयान नहीं कर सकते। उन्होंने कहा आज बुलेटिन को यहां तक पहुंचाने का श्रेय शर्मा जी को है और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी अंकुर दुआ पूरी करेंगे, ऐसी उन्हें उम्मीद है।

इस मौके पर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार **कपिलदेव अग्रवाल** ने कहा कि अपने शुरूआती दिनों से वे बुलेटिन से जुड़े रहे। शर्मा जी ने पूरी जीवटता के साथ अखबार का प्रकाशन किया। तमाम दावों के बावजूद वे झुके नहीं। अंकुर दुआ और पूजा दुआ ने उनकी विरासत को बखूबी संभाला है। उन्होंने आशा जताई कि बुलेटिन शहर की जनता की आवाज बना रहेगा।

पूर्व सांसद **कादिर राना** ने कहा कि एक समय में शहर में बुलेटिन के नाम का डंका बजना शुरू हुआ तो इसमें उत्तम चंद्र शर्मा जी की मेहनत और बेबाकी से खबरें छापने का हौसला नजर आया।

नगर पालिकाध्यक्ष **मीनाक्षी स्वरूप** ने कहा कि उनके परिवार के संग करीब दशक तक स्व.उत्तम चन्द शर्मा का साथ रहा है। शर्मा जी ने सबकी आवाज बनकर बुलेटिन को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने आशा जताई कि अंकुर दुआ इसे और अधिक ऊंचाईयों तक ले जाने का काम करेंगे।

पूर्व विधायक **उमेश मलिक** ने कहा कि बुलेटिन पांच दशकों से शहर में अपनी पहचान बनाए हुए है, इसके लिए शर्मा जी के श्रम और उनकी दूर दर्शिता को श्रेय जाता है।

पालिका के पूर्व अध्यक्ष **डॉ.सुभाष शर्मा** ने कहा कि स्वाभिमान, आत्म सम्मान, अनुशासन और समर्पण ने शर्मा जी ने ऊंचाईयों को छुआ। उन्हें वटवृक्ष बताते हुए उन्होंने कहा कि गैर परों पर उड़ सकते हैं, हद से हद दीवारों तक, अंबर तक तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे।

प्रयत्न संस्था के संस्थापक **समर्थ प्रकाश** ने समाज व पत्रकारिता के लिए शर्मा जी के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी सिनेमा के पीछे बुलेटिन कार्यालय था और इस नाते वे पड़ौसी रहे। प्रशासन द्वारा एक बार जिले के सिनेमा घरों की गुणवत्ता परीक्षण के लिए ज्यूरी बनाई गई, उसमें वे और शर्मा जी शामिल थे।

पंजाबी समाज के **नीलकमल पुरी** ने कहा कि उत्तमचंद्र शर्मा जी ने अपने जीवन भर पूरे समर्पण से कार्य किया। अंकुर दुआ ने अखबार को रंगीन कर इस आगे बढाया।

संघ के वरिष्ठ नेता **प्रेमचंद** ने कहा कि उत्तम चंद्र शर्मा समाज के पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने पत्रकारिता ही नहीं तमाम सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर समाज को दिशा देने का काम किया।

व्यापारी नेता **संजय मित्तल** ने कहा कि नागरिक सुरक्षा मंच का गठन कर उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

वरिष्ठ पत्रकार व रॉयल बुलेटिन संपादक **अनिल रॉयल** ने कहा कि शर्मा जी ने शून्य से शिखर पर पहुंचने का उदाहरण पेश किया। पत्रकारों के सम्मान की रक्षा की उन्हें हमेशा चिंता रहती थी। उन्होंने पत्रकारिता में जो उदाहरण पेश किया वह अनुकरणीय है।

भाजपा नेता **यशपाल पंवार** ने कहा कि जमीन से आसमान तक लकीर खींचने का काम शर्मा जी ने किया। सुबह और शाम की चाय पर बुलेटिन का दौर भी उन्होंने देखा है।

वरिष्ठ समाज सेवी **देवराज पंवार** ने कहा कि जिसकी कोई आवाज नहीं थी, उस गरीब और उपेक्षित की आवाज उत्तम चंद्र शर्मा बने।

भाजपा के वरिष्ठ नेता **महेंद्र आचार्य** ने कहा कि उनका जैसा नाम था वैसा ही उत्तम जीवन उन्होंने जिया।

जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष **राजेश्वरदत्त त्यागी** ने कहा कि जब से अखबार शुरू हुआ तब से वे बुलेटिन के साथ जुड़े रहे। शर्मा जी ने पूरी निर्भीकता से पत्रकारिता की।

वरिष्ठ पत्रकार **रविंद्र चौधरी** ने कहा कि जिले के पत्रकारों को शर्मा जी से बहुत कुछ सीखने को मिला।

पंजाबी समाज के वरिष्ठ नेता एवं उद्यमी **कुशपुरी** ने कहा कि वे मेरे लिए मार्ग दर्शक थे।



स्टेपिंग स्टोन्स के **अभिनव सुशील** ने कहा कि उनके पिता के शर्मा जी से निकट के संबंध रहे। आज भी यह रिश्ता पारिवारिक रिश्ते की तरह कायम है।

**पंकज जैन** गांधी टेंट ने कहा कि शर्मा जी ने निष्पक्ष और मजबूत पत्रकारिता की मिसाल पेश की।

**सत्य प्रकाश रेशु** ने कहा कि शर्मा जी ने मजबूती से शहर की समस्याओं को उठाया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष **विजय शुक्ला** ने कहा कि शर्मा जी ने पत्रकारिता को नई पहचान दी।

पूर्व विधायक **अशोक कंसल** ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने की मुहिम से शहर में सुधार आएगा।

वरिष्ठ पत्रकार **मुजम्मिल हुसैन** ने कहा कि प्रेस कांउसिल के सदस्य के रूप में शर्मा जी ने जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन निशांक जैन और भारत भूषण अरोरा ने किया।









## हमारा शहर उत्तम शहर के घोष के साथ उत्तम गार्डन का शुभारंभ

### शहर के तमाम बड़े चेहरों ने इस अभियान को आगे बढ़ाने का जताया संकल्प

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक तथा भारतीय प्रेस परिषद के छह बार सदस्य रहे स्व.उत्तमचंद्र शर्मा की प्रथम पुण्य तिथि पर आज मीनाक्षी चौक से हनुमान मंदिर तक उत्तम गार्डन का शुभारंभ किया गया। तमाम उपस्थित लोगों ने हमारा शहर उत्तम शहर के नारे लगाते हुए संपादक अंकुर दुआ द्वारा की गई शुरूआत से जुड़ने की घोषणा की। अंकुर दुआ ने कहा कि आज इस शुरूआत के साथ कई संगठनों ने इसी तरह की पहल करने की बात कही है। इससे शहर को उत्तम शहर बनाने का अभियान जल्द ही नए रूप में शहर को दिखाई देगा।

भारतीय प्रेस परिषद के छह बार सदस्य रहे मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक संपादक स्व. उत्तम चंद्र शर्मा की प्रथम पुण्य तिथि पर आज उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए राजनीति, व्यापारी, सामाजिक, चिकित्सा, अधिवक्ता और पत्रकारिता जगत के तमाम बड़े चेहरों ने अपनी सुमनांजलि दी। कार्यक्रम के पहले भाग में सुबह के समय मीनाक्षी चौक से हनुमान मंदिर शिवचौक तक उत्तम गार्डन का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व संपादक अंकुर दुआ के साथ प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, डॉ.मुकेश जैन, डॉ. एमके बंसल आदि ने पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व सांसद हरेंद्र मलिक भी इस मौके पर उपस्थित हुए।

सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि उत्तमचंद्र शर्मा हमारे लिए गार्जियन की तरह रहे। उन्होंने जिले के सामाजिक और राजनीति जीवन को पत्रकारिता के माध्यम से नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आगे बढ़ाने में अंकुर दुआ को हमारा हमेशा सहयोग रहेगा।

मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि उत्तम चंद्र शर्मा ने न केवल जिले में पत्रकारिता को नये आयाम दिए, बल्कि समाजहित के लिए काम करते हुए गरीबों की आवाज को ताकत दी।

पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, पूर्व सांसद कादिर राणा, सुरेंद्र शर्मा एड. पूर्व विधायक अशोक कंसल, मनोज बाठला, भाजपा नेता यशपाल पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, कुंज बिहारी अग्रवाल, अमर जीत सिंह सिडाना, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता अशोक बाठला, राहुल गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, स. त्रिलोचन सिंह गंभीर, श्यामपाल भाई जी शाहपुर, प्रवीण खेड़ा, शोभित गुप्ता, अचिन्त मित्तल, मौ.तारिक, अचिन सागर, कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, बलविंदर सिंह सल्ल, अतुल सैनी, महबूब आलम, पंडित सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सुंदर रंग में रंगे डिवाइडर पर लहलहाए आकर्षक पौधे

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** हरे पीले रंग में रंगे डिवाइडर पर लगे सुंदर पौधों ने आज मेरठ रोड के मीनाक्षी चौक के हिस्से का रंग ही बदल दिया। हालांकि आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए मुख्य पौधे बाद में रोपे जाएंगे, क्योंकि भीड़ भाड़ के बीच पौधों का रख रखाव होना संभव नहीं रहेगा। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने बुलेटिन से जुड़े रहे दिवंगत पत्रकारों के नाम पर भी पौधे लगवाने की घोषणा की। मीनाक्षी चौक से आलू मंडी चौराहे के बीच आज डिवाइडर नए रंग में दिखा। डिवाइडर पर विभिन्न प्रजातियों के तमाम फूलों वाले और शोभाकार पौधे गमलों में लगाए गए तो सड़क आकर्षक नजर आई। नगर के प्रमुख चिकित्सकों की ओर से इन पौधों का रोपण किया गया। बुलेटिन संपादक ने कहा कि इन पौधों की देखरेख बुलेटिन परिवार करेगा। उन्होंने कहा कि आज इसकी औपचारिक शुरूआत हुई है। कांवड़ के बाद यह सड़क नए रूप में दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ की भीड़ के बाद यह अभियान पूरी तरह आगे बढ़ाया जाएगा। बुलेटिन परिवार से जुड़े रहे पत्रकारों के नाम पर भी पौधे लगाकर उनकी यादों को अमर रखने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बुलेटिन के वरिष्ठ सहयोगी रहे सतपाल मलिक, विवेक चौहान, अरूण त्यागी और राशिद खान फोटो ग्राफर समेत अन्य पत्रकारों के नाम से पौधे लगाए जाएंगे।

**बुलेटिन के दिवंगत सहयोगियों के नाम पर भी रोपित होंगे पौधे: अंकुर दुआ**





## उत्तराखंड के बदरीनाथ, मंगलौर दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत

**चमोली/देहरादून, 13 जुलाई (वार्ता)** उत्तराखंड में रिक्त हुए दो विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को हुए उपचुनाव के परिणाम शनिवार को आ गए। दोनों सीटों पर प्रमुख विपक्षी कांग्रेस ने राज्य में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को करारी शिकस्त दी। बदरीनाथ से लखपत बुटोला ने 5,224 मतों से जबकि मंगलौर से काज़ी निजामुद्दीन 449 मतों से जीते हैं।चमोली जिले की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस पार्टी के लखपत सिंह बुटोला ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को पराजित किया है। सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होने के बाद से ही बुटोला लगातार भंडारी से आगे चल रहे थे। जैसे जैसे उनका वोट अंतर बढ़ा, वैसे ही वैसे कांग्रेस समर्थकों ने पूरे बदरीनाथ क्षेत्र में जश्न मनाना शुरू कर दिया। जमकर मिठाइयां बांटी गईं और अबीर, गुलाल उड़ाया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी भंडारी ने वर्ष 2022 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इस कारण यह सीट रिक्त होने पर 10 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। भाजपा ने श्री भंडारी पर भरोसा व्यक्त करते हुए उन्हें ही प्रत्याशी बनाया। पौड़ी संसदीय क्षेत्र में आने वाली इस सीट पर हाल में हुए चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी को बढ़त हासिल हुई। परन्तु उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने किये दस आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, 13 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला किया है, जिनमें 6 पुलिस प्रमुख शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एटा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह को कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट का पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) बनाया गया है। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी श्याम नारायण सिंह को एटा का एसपी बनाया गया है। प्रशिक्षण एवं सुरक्षा के एसपी गौरव बंशवाल को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट का डीसीपी बनाया गया है। शामली के एसपी अभिषेक को बिजनौर भेजा गया है। बिजनौर के एसपी नीरज कुमार जादौन को हरदोई भेजा गया है। जालौन के एसपी इराज राजा को गाजीपुर भेजा गया है। कानपुर कमिश्नरेट के डीसीपी राम सेवक गौतम को शामली जिले का नया एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी केशव चंद गोस्वामी को लखनऊ में खुफिया मुख्यालय भेजा गया है। एसपी गाजीपुर डॉ. ओमवीर सिंह को डीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। डीसीपी डॉ. दुर्गेश कुमार को जालौन का नया एसपी बनाया गया है।

## काली नदी पुल पर 3 तस्कर गिरफ्तार, दस लाख रुपये की स्मैक बरामद

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** जनपद में डिमांड के अनुसार सप्लाई करने के लिए स्मैक लेकर पहुंचे तीन मादक पदार्थ तस्करों को पुलिस और नार्कोटिक सेल की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन के दौरान दबोच लिया। तीनों तस्करों से टीम ने 60 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर राष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने स्मैक के साथ ही इन तस्करों के पास से अन्य सामान भी बरामद किया है। ये लोग अलग अलग स्थानों पर इस स्मैक को सप्लाई करने की तैयारी में थे। पुलिस अब इन तस्करों से यह स्मैक खरीदने वालों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**▶ नार्कोटिक सेल ने शहर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर किया भंडाफोड़, जिले में सप्लाई करने लाये थे स्मैक**

शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि तीन तस्कर स्मैक को स्पलाई करने जा रहे हैं। पुलिस व नार्कोटिक सेल की संयुक्त टीम ने खामपुर गांव की तरफ काली नदी पुल के निकट तस्कर हाशिम, शोएब, अरशद निवासी हलकोआ थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर को गिरफ्तार किया। इन तस्करों से पुलिस ने 10 लाख रुपये की 60 ग्राम स्मैक, एक बाइक व इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद किया है। तस्करों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह छोटी-छोटी पन्नियों में भरकर स्मैक को अलग-अलग जगह स्पलाई करते थे। वो यहां भी डिमांड के अनुसार इस स्मैक को लेकर यहां सप्लाई करने के लिए आ रहे थे। पुलिस इन तस्करों से यह स्मैक खरीदने वालों की तलाश में जुट गई है। इसके लिए तीनों मादक पदार्थ तस्करों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल खंगालने की तैयारी की जा रही है।

## कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली में कैंटर ने मारी टक्कर, चार घायल

**▶ हापुड़ से कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे शिवभक्त, दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हुआ हादसा ▶ हादसे के बाद पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, कैंटर भी हुआ क्षतिग्रस्त, हाईवे पर लगा जाम**

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के अन्तर्गत हापुड़ से शिवभक्तों की टोली ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए निकली थी, जो रास्ते में देर रात हुए हादसे का शिकार हो गई। कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में एक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी, जिसके कारण ट्रैक्टर ट्राली हाईवे पर ही पलट गई। दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये और हाईवे पर यातायात भी अवरुद्ध हो जाने के कारण लंबा जाम लग गया। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन कांवडिया शामिल हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और क्रेन मंगाकर वाहनों को हाईवे से हटवाने के बाद घंटों बाद यातायात सुचारू किया गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली में शुक्रवार देर रात मन्सूरपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली देहरादून हाईवे पर कैंटर चालक ने भीषण टक्कर मार दी। सीओ खतौली राम आशीष यादव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद हापुड़ के गांव जस्तोई निवासी दर्जनभर शिवभक्त ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए जा रहे थे। मन्सूरपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर देवराना होटल के पास शिवभक्तों की ट्रैक्टर ट्राली रात्रि करीब एक बजे तेज रफ्तार कैंटर से टकरा गयी। दोनों वाहनों की भिड़ंत में कई लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मन्सूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हुए कांवड़िया गौरव, अभिषेक और तरुण निवासीगण जस्तोई जनपद हापुड़ तथा कैंटर चालक मनोज निवासी राजपुर थाना अनूप शहर जनपद बुलंदशहर को उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कालेज भिजवा दिया था। इस हादसे में अन्य कांवडिया को मामूली चोट आई है। दोनों वाहनों के टकराने से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गयी थी, पुलिस ने क्रेन मंगाकर दोनों वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार में इस सम्बंध में मन्सूरपुर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## चार दिन से लापता युवक का शव मिला

**छपार, 13 जुलाई (बु.)।** चार दिन से लापता युवक का शव गांव में ही एक शराब के ठेके के पीछे पड़ा मिला। युवक चार दिन पहले रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। छपार थाना क्षेत्र के बरला गांव के रामनगर निवासी 25 वर्षीय दीपक उर्फ कालू पुत्र पप्पू 9 जुलाई को लापता हो गया था। युवक की माता रामवती ने छपार पुलिस को अपने पुत्र के लापता होने की तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। इसके बाद शनिवार में बरला गांव में ठेके के पीछे युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची तथा शिनाख्त होने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

## सड़क हादसे में दामाद की मौत, ससुर घायल

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र में बाइक फिसल जाने के कारण सड़क हादसे में दामाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ससुर भी घायल हुए हैं। इस मौत के कारण दो परिवारों में कोहराम मचा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के किशन विहार निवासी अतरसिंह अपने दामाद कवरदास उर्फ प्रवीन निवासी घरवाल थाना बरौदा सोनीपत हरियाणा के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से सोनीपत जा रहे थे। तितावी थाना क्षेत्र में बघरा फ्लाईओवर से आगे उनकी बाइक सड़क पर फिसल गयी, जिससे अचानक पीछे से आए ट्रक ने उसके दामाद को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## पोस्टमार्टम के बाद भी बंदी इरफान की मौत की गुत्थी नहीं सुलझी, बिसरा प्रिजर्व कराया

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** बंदी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने जांच के लिए डाक्टरों से बिसरा प्रिजर्व करा लिया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। परिजनों ने जेल प्रशासन पर बंदी की पिटाई के आरोप लगाए थे। जानसठ के मोहल्ला चौक जुम्मा मस्जिद निवासी इरफान (44) चोरी के आरोप में जेल में बंद था। शुक्रवार को उसकी कोर्ट में तारीख थी। उसे जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी से वापस जेल आते ही अचानक उसे घबराहट महसूस होने लगी। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सीओ मंडी रुपाली राव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बंदी की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बिसरा प्रिजर्व कराया गया है, जिसको विस्तृत जांच के लिए लैब में भिजवाया जाएगा।

## अनंत राधिका के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे पीएम मोदी और फिल्मी सितारे

**मुंबई, 13 जुलाई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शुभ आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी के 'जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर' में पहुंचने पर दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी ने पत्नी नीता अंबानी समेत आगे बढ़कर उनका ग्रैड वेलकम किया। इसके बाद आकाश और अनंत ने दोनों ने पांव छूकर प्रधानमंत्री के पैर छुए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए थे।

इस दौरान, पीएम मोदी ने मुकेश के छोटे बेटे अनंत अंबानी और उनकी नवविवाहिता राधिक मर्चेंट को शादी के पवित्र बंधन में बंधने की शुभकमानाएं व आशीर्वाद दिया। बता दें कि अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के कार्यक्रम बीते सात महीनों से चल रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट ने शुक्रवार (12 जुलाई) को सात फेरे लिए। दोनों शादी के बंधन में बंध गए। इस शाही समारोह में देश-दुनिया की कई चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। खेल, बिजनेस, मनोरंजन और राजनीति की दुनिया के लोकप्रिय चेहरे शादी का हिस्सा बने। अनंत राधिका के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने वाले लोगों में बॉलीवुड आइकन अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर शामिल थे। वहीं खेल जगत से क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के साथ ही बैडमिंटन चैंपियन सानिया मिर्जा भी शामिल हुईं। शादी में शामिल होने वाले राजनेताओं में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल और शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार और कांग्रेस नेता कमल नाथ शामिल थे। रिसेप्शन में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस भी शामिल हुए। वहीं वैश्विक नेताओं में पूर्व ब्रिटिश प्रधान मंत्री टोनी ब्लेयर और बोरिस जॉनसन भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ ही स्वामी रामभद्राचार्य भी शामिल हुए। उनके अलावा, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके डिप्टी पवन कल्याण भी उपस्थित थे।



# बुलेटिन परिवार के आदर्श और आत्मा स्वर्गीय उत्तम चन्द्र शर्मा की प्रथम पुण्य तिथि पुष्पांजलि सभा के कुछ खास पल....











## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 72650 | चांदी- | 90700 |
| सिक्का- | 99000 | गिन्नी- | 54230 |

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 14 जुलाई, 2024**

**मेष-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**वृषभ-** साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

**मिथुन-** निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

**कर्क-** आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सहयोग, समस्याओं का समाधान।

**सिंह-** अभिलाषा की पूत का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

**कन्या-** दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी सम्बन्धों में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

**तुला-** लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

**वृश्चिक-** निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**धनु-** कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**मकर-** योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता का सुयोग।

**कुम्भ-**कार्यों में असफलता, व्यवसायिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

**मीन-** स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# एडीजी ट्रैफिक ने रामपुर तिराहे पर जाना कांवड़ सुरक्षा का हाल



**मुजफ्फरनगर/छपार, 13 जुलाई (बु.)।** एडीजी ट्रैफिक के. सत्यानारायण ने अफसरों संग रामपुर तिराहा पर पहुंच कावंड़ मार्ग का निरीक्षण किया। सिसौना में कांवड़ियों को एडीजी ने फल वितरित किए। दोपहर में प्रदेश शासन के एडीजी ट्रैफिक रामपुर तिराहे पर पहुंचे।

एडीजी ट्रैफिक के. सत्यानारायण के द्वारा रामपुर तिराहा के साथ-साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया और साथ ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने के लिए मुजफ्फरनगर आया हुआ हूं, इससे पहले मेरठ में सभी अधिकारियों के साथ एक मीटिंग आयोजित की गई थी। मीटिंग करने के पश्चात पूरे कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने हेतु जहां-जहां पर जो भी व्यवस्थाएं हैं उन्हें देखने के लिए रामपुर तिराहे पर पहुंचा हूं। बड़ी समस्या बड़े डीजे को लेकर रहती हैं और उनसे बातचीत भी कर ली जाएगी, ताकि उनका जो मार्ग निश्चित है वह उसी मार्ग से जाएंगे। कांवड़िया शिविर के पास ही पार्किंग व्यवस्था होगी,जहां पार्किंग होगी वाहन वही खड़े किए जाएंगे। पैदल शिव भक्तों के लिए यातायात व्यवस्था को भी सुचारु किया जा रहा है, 22 जुलाई से भारी वाहनों के डायवर्जन शुरू हो जाएंगे। एडीजी ट्रैफिक काफिले के साथ सिसौना तिराहे पर पहुंचे तथा वहां से गुजर रहे शिवभक्त कावंड़ियों को फल वितरित कर उनसे रास्ते के बारे में कांवड़ियों की भीड़, व्यवस्था और अन्य प्रकार से जानकारी ली गई।

इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति, एसपी ट्रैफिक कुलदीप कुमार, सीओ सदर राजू कुमार साव और छपार थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर लड़की से की छेड़छाड़, धक्का देकर भागा आरोपी

### परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा



**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** एक गांव में रात के समय छत के रास्ते घर में घुसे युवक ने परिवार की लड़की को दबोचकर अश्लील हरकतें करनी शुरू की, जाग होने के बाद आरोपी युवक भाग निकला। परिजनों ने मामले में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली के एक गांव में रहने वाला परिवार घर में सो रहा था। आधी रात के समय गांव में ही रहने वाला एक युवक छत के रास्ते उनके घर में घुस गया। आरोप है कि उसने वहां सो रही इस परिवार की बेटी के साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। इसी दौरान परिवार की एक महिला पानी पीने के लिए उठी तो उसने युवक को घर में घुसा देखा तो उसने शोर मचा दिया। इस पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। तब आरोपी युवक परिजनों को धक्का देकर भाग गया। यह सूचना रात में शहर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंच कर जानकारी ली। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# शहर कोतवाली पुलिस ने बरामद किये डेढ़ लाख कीमत के मोबाइल

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** पुलिस द्वारा करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के आठ खोये हुए मोबाइल फोन अलग अलग हिस्सों से बरामद करने के बाद शनिवार को उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने का काम किया। सीओ सिटी ने जब ये मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे तो उनकी खुशी देखते ही बनती थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में जनपद में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे खोये मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में शहर कोतवाली पुलिस ने भी आठ मोबाइल फोन बरामद किये हैं। थाना कोतवाली नगर के प्रभारी अक्षय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा भारत सरकार द्वारा गुम मोबाइल फोन की रिकवरी हेतु लांच सेंट्रल इक्युप्मेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल की सहायता से पोर्टल पर प्राप्त ट्रेसिबिलिटी डिटेल के आधार पर कुल 08 स्मार्ट फोन को प्रदेश के अलग-अलग स्थान से बरामद किया गया। जिनकी कुल अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपए है। इन बरामद हुए मोबाइल फोन को सीओ सिटी व्योम बिन्दल द्वारा थाना कोतवाली नगर पर उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल पाकर उनके स्वामियों द्वारा खुशी व्यक्त की गयी। मोबाइल स्वामियों द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा आम जनमानस द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की। बरामद करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी अक्षय शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर पुष्पेन्द्र प्रजापति, अंकुल बिश्नोई और महिला कांस्टेबल मंजू शामिल रहे।

# किसानों ने भोपा थाने में पहुंचकर दिया धरना, जमकर की गई नारेबाजी

**भोपा, 13 जुलाई (बु.)।** भोपा थाना पर शनिवार को भाकियू के मोरना ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र उर्फ बिट्टू प्रधान के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता उस समय थाने पर पहुंच गये, जब तहसीलदार जानसठ सतीश बघेल व क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर मिश्रा शिकायतों को सुन रहे थे। भाकियू कार्यकर्ताओं चिर-परिचित अंदाज में थाना परिसर में दरी बिछाकर धरना देते हुए पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। धरने पर पहुँचे जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने अधिकारियों संग बैठा लिया। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत का समाधान नहीं किया जा रहा है। चकरोड, मेंढबन्दी आदि की समस्याएं महीनों से पेंडिंग पड़ी हुई हैं। पीड़ितों के साथ पुलिस अभद्र व्यवहार कर रही है। थाने पर तैनात दरोगा ने अभद्र भाषा का प्रयोग कार्यकर्ता के साथ किया है। साथ ही हल्का लेखपाल भूमि सम्बंधि समस्याओं को लम्बित किये हुए हैं। पुलिस व तहसील कर्मचारियों द्वारा रिश्वत लेकर कार्य करने की शैली को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से, विकास चौधरी, अफसर कुरैशी, मौ. आमिर, प्रदीप शर्मा, सरदार अमीर सिंह, अशोक कुमार, अजय कादीपुर, आस मोहम्मद, विनीत कुमार, हवा सिंह, शहजाद, भूरा आढ़ती, गय्यूरा, सुधीर कुमार, रमेशचंद, अनुज राठी, धर्मेन्द्र, यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दीवार के विवाद में युवक पर किया जानलेवा हमला

**मीरापुर, 13 जुलाई (बु.)।** कस्बे की खतौली रोड़ नई बस्ती में मकान की दीवार कराने को हुए विवाद में पड़ोसी युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। मीरापुर की खतौली रोड स्थित नई बस्ती निवासी फरमान पुत्र मोहम्मद बशीर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह सुबह के समय मकान की दीवार का निर्माण करा रहा था। आरोप है कि इस दौरान उसके पड़ोसी युवकों ने दीवार का विरोध किया तथा उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में फरमान गंभीर घायल हो गया। घायल को अस्पताल भिजवाया है।

# नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढहने से 22 लोगों की मौत

**अबुजा, 13 जुलाई (वार्ता)।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी डी0 एस0 पब्लिक स्कूल से जारी वर्ष 2022 की कक्षा-10 की पास (उत्तीर्ण) की टी0 सी0 (ट्रान्सफर सर्टीफिकेट) वास्तव में कहीं खो गई है।

**कार्तिक बालियान**
पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार
ग्राम व पोस्ट- कुटबा
तहसील-सदर, मुजफ्फरनगर

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी डी0 एस0 पब्लिक स्कूल से जारी वर्ष 2022 की कक्षा-10 की पास (उत्तीर्ण) की टी0 सी0 (ट्रान्सफर सर्टीफिकेट) वास्तव में कहीं खो गई है।

**वैदिक**
पुत्र श्री वरूण सिंह
ग्राम व पोस्ट- जन्धेड़ी
तहसील-जानसठ, मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## राजनैतिक प्रतिद्वंदिता में बढ़ोतरी

लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद ही से देश में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता में बढ़ौतरी दिखाई पड़ रही है। संसद का पहला सत्र, विपक्षी सांसदों का शपथ ग्रहण, उसके बाद संसद में व्यर्थ का हंगामा, सरकार और विपक्ष में खिंचाव, यह सब यही बताता है कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता में बढ़ौतरी हो रही है। विपक्ष जय संविधान कह रहा है तो सत्ता पक्ष ने संविधान हत्या दिवस मनाये जाने की घोषणा कर दी है। उपचुनाव के नतीजों को लेकर भी भाजपा और इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं। सरकार अपनी पुरानी शैली से नये कदम उठा रही है और विपक्ष के झूटे विमर्श को भी तोड़ने की कोशिश कर रही है। विपक्ष भी अपने गढ़े गए विमर्श की धार को कुंद नहीं करना चाहता। यह आम चर्चा है कि सरकार को विपक्ष के झूठे विमर्श को लगातार काटना होगा, तभी उसके अच्छे काम अपना असर छोड़ेंगे। उपचुनाव के नतीजे बताते हैं कि भाजपा अपने उम्मीदवारों के चयन में अभी सावधानी नहीं बरत रही है। ऐसे उम्मीदवार को भी टिकट दे दिया गया, जो कई दलों से कई राज्यों से कई-कई चुनाव लड़ चुका है। ऐसे उम्मीदवार को समर्पित कार्यकर्त्ता भी अब सहन नहीं कर पाते। भाजपा के गिरते ग्राफ और अब उपचुनाव में मिली हार यही कहती है कि वर्तमान में भाजपा के लिए बहुत कठिन है डगर पनघट की। उपचुनाव के नतीजों के साथ इस समय संविधान हत्या दिवस को लेकर सियासत गरमाई हुई है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाना ये याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को कुचला जाता है, तो क्या होता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमन्त्री ने लिखा, यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों की वजह से उत्पीड़ित हुए। कांग्रेस ने भारतीय इतिहास में ये काला दौर शुरू किया था। पीएम मोदी की ये टिप्पणी गृहमंत्री अमित शाह की ओर से 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाए जाने की घोषणा के बाद आई है। कांग्रेस ने भारत सरकार के स्तर पर किए गए इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि प्रधानमन्त्री एक बार फिर हिपोक्रेसी से भरी एक हेडलाइन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई गजट अधिसूचना में कहा गया है, जबकि, 25 जून, 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, तत्पश्चात उस समय की सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों को ज्यादतियां और अत्याचार किए गए और जबकि भारत के लोगों को भारत के संविधान और भारत के लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है; इसलिए, भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है और भारत के लोगों को, भविष्य में, किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है। इसके बाद कांग्रेसी नेताओं की तरह-तरह की टिप्पणीयां सामने आ रही हैं। ज्यादातर कांग्रेसी कह रहे हैं कि भाजपा पुरानी बातें क्यों उठा रही है, एक कांग्रेसी ने कैफी आजमी की गजल का एक शेर गृह मन्त्री को मुखातिब करके पोस्ट कर दिया-

जिन जख़्मों को वक़्त भर चला है,
तुम क्यूँ उन्हें छेड़े जा रहे हो।

इसके बाद भाजपा नेताओं के भी जवाब हैं, सुधांशु त्रिवेदी ने इस विषय पर प्रेस कांफ्रेस भी की। सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि क्या जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में किया गया आंदोलन कोई अराजकता का प्रतीक था? मैं जरा लालू प्रसाद यादव और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं,क्या मुलायम सिंह किसी अराजकता का हिस्सा थे? यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत के इतिहास में इंदिरा गांधी ही एक ऐसी प्रधानमन्त्री रही हैं, जो चुनावी धोखाधड़ी के लिए दोषी पाई गई थीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उन्हें दोषी माना था। उनकी सदस्यता तक को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सदस्यता को बाद में बहाल जरूर किया, लेकिन बतौर सांसद वे काम नहीं कर सकती थीं। आपातकाल में देश के सभी नागरिकों के मूल अधिकारों को समाप्त कर दिया गया था। पुलिस के पकड़ने पर कोई भी व्यक्ति अदालत नहीं जा सकता था। अगर कोई व्यक्ति यह कह दे कि इंदिरा गांधी की सरकार हटानी है, इस बात पर उसे जेल में डाला जा सकता था। आपातकाल में पूरा विपक्ष जेल में था। करीब डेढ़ लाख आम जनता 18 महीने जेल में रही। 38वां और 39वां संविधान संशोधन करके सरकार के किसी भी निर्णय पर न्यायिक समीक्षा का अधिकार समाप्त कर दिया गया था। संविधान की प्रस्तावना को बदल दिया गया था और सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्दों को जोड़ दिया गया, यह तब किया गया जब पूरा विपक्ष जेल में था। देश के ऊपर एक नेता को कर दिया गया था। इंदिरा इज इंडिया कर दिया गया। कांग्रेस ने सात तरीके से संविधान की हत्या की। कांग्रेस से जवाब चाहिए। इजराइल-हमास युद्ध पर प्रस्ताव पारित करने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने आज तक इस कृत्य पर कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया। एक भाजपा नेता ने यह शेर पोस्ट किया-

आने वाली पीढ़ियों तक जुल्म का अहसास हो,
संविधान हत्या दिवस हर साल मनना चाहिए।

इस वर्ष 25 जून को इमरजेंसी की बरसी पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया था कि, आज का दिन उन महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का है, जिन्होंने इमरजेंसी का विरोध किया था। इमरजेंसी के काले दिन हमें याद दिलाते हैं कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने मौलिक स्वतंत्रता का हनन और भारत के संविधान को कुचला था, जिसकी सभी भारतीय इज्जत करते हैं। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई थी उन्हें संविधान के प्रति प्यार जताने का हक नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने देश के कई राज्यों में आर्टिकल 356 का इस्तेमाल किया था। साथ ही प्रेस की आजादी का बिल पास किया, संघीय ढांचे को नुकसान पहुँचाया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। जिस पार्टी ने इमरजेंसी लगाई थी उसमें अब भी इमरजेंसी वाली मानसिकता मौजूद है। संसद की संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी इमरजेंसी का ज़िक्र था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण में कहा था, आज 27 जून है। 25 जून, 1975 को आपातकाल लागू करना संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था, लेकिन देश ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर विजयी हुआ क्योंकि लोकतंत्र की परंपराएं भारत के मूल में हैं।

### चार फूल

सुनील उत्सव

**''उत्तम चन्द्र शर्मा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर''**

सबकी जरूरतों में सदा काम आए वो,
अपने करीबियों के भी हमदम रहे सदा।
उनका चमकता नाम मुजफ़्फ़रनगर में है,
उत्तम थे हर लिहाज से उत्तम रहे सदा।

## समाज के लिए अंकुर की पहल जारी रहे: रमेश सांई



मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। सेवा भारती के विभाग मंत्री व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के पिता रमेश सांई ने कहा कि स्व. उत्तमचंद्र शर्मा ने साइकिल से पत्रकारिता शुरू की। वे किसी से डरे नहीं, निडर रहकर पत्रकारिता की। मुो नहीं लगता था कि अंकुर दुआ इतने बड़े संस्थान को संभाल पाएगा, लेकिन उन्होंने साबित कर दिया कि वे इसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के साथ समाज के लिए काम करने का मन अंकुर दुआ ने बनाया तो यह एक अच्छा प्रयास है। मुो उम्मीद है कि वह समाज के लिए काम करते रहेंगे।







## एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दी श्रद्धांजलि



मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने आज सनातन धर्म सभा भवन में पहुंच कर स्व. उत्तम चंद्र शर्मा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से सच को सामने लाना आज पत्रकारों की बड़ी जिम्मेदारी है। समाज में ऐसे तत्वों को अलग थलग करने का काम मीडिया कर सकता है जो समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बुलेटिन ने खुद को जनता की आवाज से जोड़ने का काम किया है, यह उसकी बड़ी उपलब्धि है।

## शर्मा जी ने दुनिया में पहचान बनाई: सूर्य मणि रघुवंशी



मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के दैनिक चिंगारी के संपादक डा.सूर्यमणी रघुवंशी ने कहा कि उनके पिता स्व.बाबूसिंह चौहान के साथ शर्मा जी का नजदीकी रिश्ता 5 दशकों तक रहा है। शर्मा जी ने प्रेस परिषद के सदस्य के रूप में और एक चार पेज के अखबार से देश और दुनिया भर में जो पहचान बनाई, वह अपने आप में उदाहरण है। अंकुर दुआ और पूजा दुआ उनके परिवार की तरह हैं। यह रिश्ता कायम रहेगा और बुलेटिन अखबार के रूप में अपनी पहचान को प्रखर बनाएगा।













## बुलेटिन परिवार ने अस्पताल-कुष्ठ आश्रम में किया दूध और फल वितरण

### - बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के साथ गौसेवकों ने गौशाला कूकड़ा मंडी में दान किया 50 कुंतल हरा चारा

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक स्वर्गीय उत्तम चन्द्र शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को जिला अस्पताल और कुष्ठ आश्रम में दुग्ध और फल वितरण किया गया। इसके अलावा गुड मंडी स्थित गौशाला में गोवंशों को हरा चारा खिलाकर सेवा की गई। बुलेटिन परिवार के द्वारा अपने मार्गदर्शक और आदर्श मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक स्वर्गीय उत्तम चन्द्र शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि शनिवार को धूमधाम से पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। सवेरे उनकी याद में उत्तम गार्डन की स्थापना के बाद पुष्पांजलि सभा का आयोजन हुआ और इसके पश्चात शाम के समय बुलेटिन परिवार के द्वारा जिला अस्पताल तथा कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर रोगियों, तीमारदारों और आश्रम वासियों को फल एवं दुग्ध वितरित करते हुए उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इसके साथ ही परिवार के सदस्यों ने नगरपालिका परिषद के द्वारा संचालित नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर नवीन मण्डी स्थल कूकड़ा में पहुंचकर गौंवशीय पशुओं की भी सेवा की गई। यहां पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के साथ गौसेवक नीशू, आशीष सोनकर, रवि सोनकर और अमन सोनकर ने स्वर्गीय उत्तम चन्द्र शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर पशुओं के लिए 50 कुन्तल हरा चारा उपलब्ध कराया। इसके लिए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा गौसेवकों की बुलेटिन परिवार के साथ संवेदना के प्रति आभार जताया गया।



















**आवश्यकता है**
क्लीनिक के लिए एक छोटा लड़का/लड़की की
पचैन्डा रोड व न्यू कमर्स को वरीयता। वेतन योग्यता अनुसार।
रविवार व सोमवार को मिलें
प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक
मंगलवार अवकाश
सन होम्योपैथिक क्लीनिक
गंगाराम हॉस्पिटल के बराबर में सदर बाजार, मुजफ्फरनगर
डा. राहुल शर्मा
M:9837708432

**सूचना**
डाक्टर सुमित जैन
शनिवार के स्थान पर शुक्रवार को अवकाश रखेंगे और प्रत्येक शनिवार को मरीजों को देखेंगे।
पारस नेत्रालय
अलमासपुर चौक, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

**सूचना**
डाक्टर्स (M.D.,M.S., D.M.,M.ch) के लिए चैम्बर्स उपलब्ध है
महावीर चौक के पास , मुजफ्फरनगर
संपर्क करें- 8859405366
8126711725

# स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर नगर के राजनैतिक, समाजसेवी, शुभचिन्तक व गणमान्य नागरिकों ने दी अपनी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सांसद हरेन्द्र मलिक, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, ज्ञानचन्द सिंघल वरिष्ठ पदाधिकारी आरएसएस, प्रेमचन्द जी बुढ़ाना वाले, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक उमेश मलिक, अशोक कंसल, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, विजय शुक्ला, अरविंद राज शर्मा, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, सचिन सिंघल, अशोक बाठला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, पूर्व सभासद विकल्प जैन, अनिल ऐरन, विनय गुप्ता, जितेन्द्र नामदेव, वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत चौधरी, प्रशांत गौतम, अमित पटपटिया, महिका गुप्ता, शोभित गुप्ता, पूर्व सभासद नरेश चंद मित्तल, पवन अरोरा, विवेक चुग, संजय सक्सेना, कपिल पाहुजा, प्रेमी छाबड़ा, पवन छाबड़ा, शरद शर्मा, संजय गर्ग, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, उमा दत्त शर्मा, मौहम्मद तारिक, राधेश पप्पू, कमल कांत शर्मा, अनुज गोयल कपिल, हिमांशु गोयल, निशित मित्तल, सुनील तायल, अतुल सैनी। प्रमुख समाजसेवी एवं उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल, रघुराज गर्ग, कुश पुरी, नील कमलपुरी, व्यापकपुरी, जैन स्थानक नई मंडी के संरक्षक मनमोहन जैन, कार्तिक जैन, देव राज पंवार, अशोक अग्रवाल, सत्य प्रकाश रेशु, विप्लव जैन, रोहित जैन, वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा, होती लाल शर्मा, विश्वदीप बिट्टू, नंदी स्वीट्स से जुड़े देवेन्द्र अरोरा, गिरीश अरोरा, कीर्ति भूषण शर्मा।

व्यापारी नेताओं में मुख्य रूप से दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल, व्यापारी नेता अचिंत मित्तल, संजय मिश्रा, कृष्णगोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, राकेश गर्ग, सरदार बलविंदर सिंह, राहुल गोयल, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, पवन बंसल, आकाश गर्ग, अकुल अग्रवाल, अभिनव कुच्छल, अभिनव अग्रवाल, हर्ष वर्धन जैन।

पंजाबी समाज के सरदार सुखदर्शन बेदी, प्रकाशक मनोज बाटला मेरठ, अमरजीत सिंह सिड़ाना, सरदार त्रिलोचन सिंह गंभीर, चनप्रीत सिंह चन्नी बेदी, विकास आहुजा, बाल बहादुर, अनिल धमीजा, प्रवीण खेड़ा, सागर वत्स, यश कपूर, कुलभूषण बजाज, इन्द्रजीत सुनेजा, पंकज अपवेजा, प्रमोद अरोरा, निखिल अरोरा,

## इन पत्रकारों को श्रद्धांजलि स्वरुप होगा पौध रोपण

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। बुलेटिन की यात्रा में जो पत्रकार साथी लगातार जुड़े रहे, उनके नाम पर भी एक पौधा रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पौधे उनकी स्मृति को उत्तम गार्डन का हिस्सा बनाएंगे। यह घोषणा बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने करते हुए कहा कि यह न केवल इन पत्रकारों के प्रति श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनकी यादगार को बनाए रखेगी। **हरिदत्त देवरानी:** मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्थापना से लेकर उसके प्रारंभिक संघर्ष और निर्माण के दिनों में इस रथ के सारथी रहे हरिदत्त देवरानी शिक्षण के क्षेत्र में अपना कार्य संपन्न कराने के बाद बुलेटिन से जुड़े और लगातार स्व. उत्तमचंद्र शर्मा के साथ बुलेटिन के उन्नयन में सहभागी बने। **सतपाल मलिक:** सत्यपाल मलिक बुलेटिन के उन सहयात्रियों में शामिल हैं जो लगातार अपराध संवाददाता के में अपने अंतिम क्षण तक बुलेटिन से जुड़े रहे और अपनी बेबाक लेखनी से खबरों के माध्यम से बुलेटिन के विकास में सहभागी बने। **विवेक चौहान:** अपराध संवादादाता के रूप में लंबे समय तक पत्रकारिता और बुलेटिन के साथ जुड़े रहे विवेक चौहान को पिछले दिनों असाध्य बीमारी के चलते हमने खोया। **राशिद फोटोग्राफर:** राशिद जिले में प्रेस फोटोग्राफरों की श्रंखला में वह बड़ा नाम हैं, जो अपने संघर्ष के बल पर अपना नाम कायम करने में कामयाब रहे। कोरोना के चलते उन्हें हमने खोया। **अरूण त्यागी:** बुढ़ाना के वरिष्ठ पत्रकार के रूप में लंबे समय तक बुलेटिन के साथी रहे अरूण समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ बेबाक लेखन के लिए जाने जाते थे। इसी के चलते उनकी हत्या हुई और हमने एक प्रखर युवा पत्रकार को खो दिया। **रिकलदेव सिंघल:** चरथावल के संघर्षशील पत्रकार बुलेटिन के प्रति समर्पित रहते हुए लंबे समय संस्थान के लिए कार्य करते रहे। एक सड़क हादसे में उनका निधन पत्रकारिता जगत को बड़ी क्षति थी।

आज बुलेटिन परिवार अपनी यात्रा के इन सभी साथियों को नमन करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है। उनके नाम पर उत्तम गार्डन में एक पौधा उनकी स्मृतियों को पुनर्जीवित करने का एक छोटा सा प्रयास है। आज के आयोजन में रिंकल देव सिंघल की पत्नी अनुराधा सिंघल भी उपस्थित रही।

आकाश जुनेजा, विनोद डाबर, अजीत खुराना, ओमी छाबड़ा, पवन छाबड़ा, जसप्रीत सिंह, ओमप्रकाश अरोरा, राजेन्द्र नारंग, वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता अशोक डोडा, प्रमोद अरोरा, भाजपा नेता विजय वर्मा, रविन्द्र साहनी, हासानन्द शर्मा, अनिल सोबती, राजीव कुमार, जुगल किशोर खत्री, मुकुल दुआ, जगदीप सिंह, सीए अरविन्द सिंह, अनिल धमीजा, प्रीतम कपूर,अश्वनी रहेजा, राजू अहेजा, प्रीतम कपूर, महात्मा सर्वानन्द पुरी, सतीश पंडित।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश जैन, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमके बंसल, डॉ. एसकेडी भारद्वाज, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. सुधीर लूथरा, डॉ. आरडी सिंह, डॉ. आर बी सिंह, डॉ. बीके जैन, डॉ. रविन्द्र जैन, डॉ. पीके कांबोज, डॉ. गजराज सिंह, डॉ. रमानी, पेट रोग चिकित्सक डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. तारा चन्द, डॉ. नरेश त्यागी, डॉ. सुशील राजवंशी, डॉ. सत्यम राजवंशी।

वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, तेग बहादुर सैनी, टैक्स बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा, महबूब आलम, राम प्रसाद गुप्ता, मनोज अरोरा एड।

किसान नेता अशोक बालियान, श्रीराम कॉलेज से प्रेरणा मित्तल, रीना अग्रवाल, अनुराधा वर्मा, असद फारूकी, उपेन्द्र भारद्वाज, रजत गुप्ता, पवन गोयल, रोहताश कर्णवाल, ओम प्रकाश अरोरा, अमरीश सिंघल, रजत गोयल।

मीडिया सैंटर अध्यक्ष अनिल रायल, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद वर्मा, नरेन्द्र मित्तल एड, एस मुजम्मिल हुसैन, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, सुनील जैन, अरविंद भारद्वाज, मदन बालियान, आनंद प्रकाश, दिवाकर II, ऋषिराज राही, राकेश शर्मा, विनोद पाराशर, सुनील उत्सव, रणवीर सैनी, अनुज मुद्गल, शरद गोयल, सलेक चंद पाल, अमित कुमार पाल, तरुण पाल, संजीव चौधरी, गुलफाम अहमद, पंकज बालियान, विजय कर्णवाल, आशीष यादव, अमित सैनी, मुकेश त्यागी, दिलशाद मलिक, लोकेश भारद्वाज, कुलदीप त्यागी, राकेश शर्मा, अरविंद चहल, संदीप रंजन, दीपक वत्स, राधे श्याम वर्मा, पवन अग्रवाल, राजू सिंह, मनीष चौहान, तबरेज खां, नासिर खां, नवनीत कौशिक, श्यामा चरण पंवार, चांद खां, शिवम जांगिड, यश चौधरी, एसके बिट्टू, जानसठ से निशांत कांबोज, मीरापुर से राहुल शर्मा, रीतू मोहन, सोनू धीमान, श्याम वीर शर्मा, अतुल जैन, हनी सिंघल, अश्वनी रहेजा, भगत सिंह वर्मा, संदीप वत्स, बुलेटिन परिवार से जुड़े जुनैद अहमद, विकास त्यागी सपरिवार, विकास शर्मा, बलवान सिंह, श्याम कुमार, श्रीदत्त शर्मा, अलका शर्मा, शिवांग शर्मा, ललित मोहन, वंशिका, वंश, फूलेना यादव, शुभम पाल सुरेश, मोनू, सोनू, कुलदीप, सुबोध, कमल, राहुल, राजीव शर्मा, राशिद पालिका पार्किंग।

नगर पालिका मार्किट एसो. से जुड़े वीरेन्द्र अरोरा, शिशुकांत गर्ग, भानू प्रताप अरोरा, पवन छाबडा, प्रवीण जैन चीनू, डॉ. कैलाश अरोरा, विजय मदान, गुरुबचन सिंह, राजेन्द्र अरोरा, नवीन मित्तल, मौ. असलम, संदीप गुलाटी, चांद मौहम्मद, राजेन्द्र नारंग, योगेश शर्मा, राजन लूथरा, प्रतीक अरोरा, मन्नू बंसल, दिनेश गर्ग।

हिन्दु संगठनों से जुड़े संजय अरोरा, ललित मोहन शर्मा, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पूनम चौधरी, अंजू त्यागी, नूपुर त्यागी, राखी मित्तल, अनोखी, सीमा तायल।

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आकाशवीर, विनोद कुमार, डीएस पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा, संदीप दीक्षित, पीआर पब्लिक स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, अनघ सिंघल, चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सैकेंडरी स्कूल से प्रधानाचार्य अमर पांचाल, राम प्रसाद शर्मा, सतीश शर्मा, रकमपाल सैनी, राधे लाल चौहान, आइडियल किडस स्कूल चेयरमैन पीके जैन, होली एंजिल्स पब्लिक स्कूल से राजेन्द्र सर, पीयूष सर, गोल्डल पब्लिक स्कूल से रोहित कुमार, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल से सचिन गोयल, एसकेबी परिवार से अभिनव सुशील बंसल, आभा बंसल, सोनिया बंसल।

शंकर स्वरूप बंसल, दीपक मित्तल, सतीश गर्ग, शिवचरण दास गर्ग, नीरज अग्रवाल, साधु राम गर्ग,अशोक सरीन, कीर्ति भूषण अग्रवाल, वसुंधरा रेजीडेंसी से अमित चौधरी, देवभूमि ग्रुप से सुमित रोहल, अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर राजेन्द्र सक्सैना, अभिनव गोयल जेई विद्युत, प्रमोद कुमार आरना एम्पायर, राकेश झाम्ब।

रमेश साईं, अनिल अरोरा, घन श्याम अरोरा, आशु अरोरा, शुभी अरोरा, आकाशदीप अरोरा, अभिनव कालरा, मंजू कालरा, अशोक जलोत्रा, रमन जलोत्रा, विशाल जलोत्रा, मधु जलोत्रा, रवीना जलोत्रा, मोहन आहुजा, सुनीता आहुजा, सौरभ आहुजा, वृंदा आहुजा, गोपाल कृष्ण बत्रा, पूजा बत्रा, मेनका बाटला, वंश दुआ, बिट्टू अरोरा, अज्जू अरोरा, कार्तिक खत्री सिंघी मैडिकल स्टोर।

शाहपुर से वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, आरएसएस नेता मणिकांत मित्तल, इरफान अब्बासी। मीनू जी, राकेश कंसल, योगेश भगत, नरेश अरोरा, विजय तागड़ा, केवल कृष्णा अरोड़ा, केवल राम चुग, अनिल नामदेव, नेशि अरोरा, दीपक मित्तल, नितिश पॉर्लर, अज्जू मदान, अकुल टाईल, प्रीतम, महेश दुआ भगवान सूत वाले, अनिल शर्मा चाय, अरोरा हार्डवेयर, सुधीर भगत, प्रथम भगत, अचिन मित्तल (खाटू श्याम), सन्नी जलौत्रा, जयकुमार सैनी, राजीव वाधवा, विपिन जैन (वर्धमान), पुनित अग्रवाल, विनोद कुमार, पंडित कमलेश, विनय विद्युत विभाग, अरूण गोयल सर्राफ, हरिओम शर्मा, राजीव बंसल, सरदार बलजीत सिंह स्वच्छ भारत मिशन, कंपनी से जुड़े कुलदीप पुंडीर, राकेश झाम, प्रेम प्रकाश अरोरा, लोकेश काठी सीमा ट्रैवल्स, सतीश सेठी, राखी मित्तल, भारत भूषण अरोरा, कुलदीप गोयल, नवनीत कुच्छल पूर्व सभासद, श्रेय गोयल, श्रवण (सर्राफ), ललित स्टेशनरी, रमेश जैन, राजेन्द्र तायल, मधुबाला शर्मा, पूजा गुप्ता, मुकेश त्यागी, विनोद सिंहल, प्रेमप्रकाश अरोरा, योगेश सिलेण्डर, घनश्याम अरोरा, सेखर अरोरा, योगेश सिंधी, विक्रांत गर्ग- नेहा गर्ग (नीरा ड्रिंक्स), मूलचन्द रिसोंट परिवार से पियूष अग्रवाल, दीप अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मनोज जैन (एल.जी), वसीम सैलून, शिवा शर्मा, मोहसीन सैलून, मीनू जी, राकेश कंसल, योगेश भगत जी, नरेश अरोरा, विजय तागड़ा, केवल कृष्णा अरोड़ा, केवल राम चुग, अनिल नामदेव, नेशि अरोरा, शिशुकान्त गर्ग, दीपक मित्तल (भाजपा), नितिश पॉर्लर, अज्जू मदान, अकुल टाईल वाले, प्रीतम, महेश दुआ, भगवान सूत वाले, अनिल चाय, अरोरा हार्डवेयर, सुधीर भगत, प्रथम भगत, अचिन मित्तल (खाटू श्याम), अमरीश मित्तल (गणपति धाम), रजत गोयल (गणपति धाम), सन्नी जलौत्रा, जयकुमार सैनी, राजीव वाधवा, विपिन जैन (वर्धमान), पुनित अग्रवाल, विनोद कुमार, पंडित कमलेश, विनय (विद्युत विभाग), अरूण गोयल (सर्राफ), हरिओम शर्मा, राजीव बंसल, बलजीत सिंह, राकेश झाम, प्रेम प्रकाश अरोरा, लोकेश काठी



(सीमा टैज्वलस), सतीश सेठी, राखी मित्तल, भारत भूषण, ज्ञानचन्द सिंघल (वरिष्ठ पदाधिकारी आर एस एस), कुलदीप गोयल, नवनीत कुच्छल (पूर्व सभासद), श्रेय गोयल, श्रवण (सर्राफ), कमलकान्त शर्मा, ललित स्टेशनरी, रमेश जैन, राजेन्द्र तायल, मधुबाला शर्मा, पूजा गुप्ता, मुकेश त्यागी, विनोद सिंहल, प्रेमप्रकाश अरोरा, योगेश सिलेण्डर, घनश्याम अरोरा, सेखर अरोरा, योगेश सिंधी, विक्रांत गर्ग- नेहा गर्ग (नीरा ड्रिंक्स), मूलचन्द रिसॉर्ट परिवार से पियूष अग्रवाल, दीप अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मनोज जैन (एल.जी), वसीम सैलून, शेखर राजपूत शिवा शर्मा सहित सैंकड़ों लोगों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।

## चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में रेड-डे मनाया गया



मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बुस.)। चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में आज शनिवार को प्राइमरी विंग में कक्षा प्ले से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने रेड-डे बड़े हर्षोल्लास से मनाया, जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य अमर पंचाल ने लाल रंग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि लाल सिर्फ एक रंग नहीं है; यह कई चीजों का प्रतीक है। यह प्यार, गर्मजोशी, शक्ति और उत्साह का प्रतीक है। यह स्ट्रॉबेरी, सेब और टमाटर का रंग है। यह हमारे दिल का रंग है और सड़क पर स्टॉप साइन है। बच्चों को लाल रंग के बारे में सिखाने से उन्हें इन संबंधों को समझने और अलग-अलग संदर्भों में रंग को पहचानने में मदद मिलती है। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने रेड-डे के बारे में बताते हुए कहा कि रेड-डे एक ऐसा उत्सव है, जो बच्चे के दिमाग में लाल रंग को पेश करने और उसे मजबूत करने में मदद करता है , जिससे यह एक मजेदार और शैक्षिक अनुभव बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों को लाल रंग से सुसज्जित किया। रेड-डे के अवसर पर सभी बच्चे लाल रंग की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। वहीं कक्षाओं को भी लाल रंग के गुब्बारों से सजाया गया। इस मौके पर सभी बच्चे और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इसमें बच्चों को बताया गया कि लाल रंग सनसाइन, होप, हैप्पीनेस, एनर्जी का प्रतीक है। बच्चों को खेल-खेल में लाल रंग के बारे में अलग-अलग तरह की रोचक वज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# सैंकड़ों संस्थाओं ने बुलेटिन संस्थापक को श्रद्धांजलि के साथ बुलेटिन की अगली मुहिम में जुड़ने की भी घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** वरिष्ठ पत्रकार स्व. उत्तम चन्द शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को सनातन धर्म सभा भवन में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में गणमान्यों ने पहुंच अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान राजनीतिक दलों के लोगों के साथ ही धार्मिक, समाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों के साथ ही शिक्षण संस्थानों से जिम्मेदारों ने पहुंच अपनी श्रद्धांजलि देने के साथ बुलेटिन परिवार के प्रति पूर्ण सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

शनिवार को सनातन धर्म सभा भवन में संपन्न श्रद्धांजलि सभा में सनातन धर्म सभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, कोषाध्यक्ष अंजुल भूषण, मंत्री दीपक कुमार मित्तल ने स्व. उत्तम चन्द शर्मा की प्रथम पुण्य तिथि पर शर्मा जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित किए उच्च कीर्तिमानों की सराहना करते हुए मुजफ़्फ़रनगर बुलेटिन को नित नए पायदान पर पहुंचाने के लिए सराहना की। साथ ही बुलेटिन परिवार की ओर से संपादक अंकुर दुआ द्वारा वर्तमान में पत्रकारिता धर्म निभाते हुए नगर की स्वच्छता, सुन्दरता एवं यातायात जाम से मुक्ति को लेकर शुरू मुहिम की सराहना करते हुए भविष्य में इस मुहिम में कंधे से कंधा मिला कर साथ चलने का आश्वासन दिया। इस कड़ी में समस्त नगर पालिका मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुकान्त गर्ग, संयोजक विरेन्द्र कुमार अरोरा संयोजक, राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा, आईडियल किड्स के निदेशक पीके जैन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद प्रसाद एड, सहारनपुर मंडलाध्यक्ष सतीश शर्मा, जिलाध्यक्ष के रकम पाल सैनी, श्री गिरधारी लाल जैन मैमोरियल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अलका जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गणधर गौतम जैन, क्रान्ति सेना जिलाध्यक्ष (महिला मोर्चा) पूनम चौधरी, श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेल नगर नई मण्डी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, पूर्व सभासद एवं संस्थापक सदस्य विकल्प जैन, संस्थापक सदस्य विनय गुप्ता, निदेशक जितेन्द्र नामदेव, राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ साहिबाबाद गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष हरिओम दत्त भार्गव, भाजपा नेता विशाल गर्ग, श्री रामलीला सभा टाउन हॉल के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग एड, मंत्री सतीश गर्ग, शिवमूर्ति संचालक मंडल मुजफ्फरनगर के प्रबंधक शंकर स्वरूप बंसल, श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति नई मण्डी के अध्यक्ष हरिशंकर तायल, संजय अग्रवाल भाजपा नेता, श्री गणपति धाम ट्रस्ट समिति भरतिया कॉलोनी, के संस्थापक भीमसेन कंसल, श्री कृष्ण जानकी सरस्वती शिशु मंदिर, गांधी कॉलोनी के संरक्षक अनिल कुमार धमीजा एवं अध्यक्ष विकास कुमार आहुजा ने भी अपनी ओर से भेजे शोक संदेश में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भूलवश मान-सम्मान देने में कोई कमी रह गयी हो तो क्षमाप्रार्थी : अंकुर दुआ

**बमुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** बुलेटिन संस्थापक स्व. श्री उत्तम चन्द्र शर्मा जी के पौधा रोपण व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भूलवश किसी को मान सम्मान देने, नाम लिखने अथवा मंच से सम्बोधन में कोई कमी रह गयी हो, तो बुलेटिन परिवार क्षमाप्रार्थी है। कार्यक्रम में अत्यधिक भीड़ हो जाने के कारण कई बार सब लोगों पर ध्यान नहीं जा पाता। इसी कारण कभी-कभी किसी न किसी को सम्मान देने में कोई न कोई कमी चाहे वह किसी भी तरह का कार्यक्रम हो, रह ही जाती है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति यह न समझे कि उसका नाम जान बूझकर समाचार पत्र में नहीं प्रकाशित किया गया। अपनी कोशिश से जो भी नाम बुलेटिन परिवार को याद रहे वह प्रकाशित किये गए, उसके बावजूद भी कुछ न कुछ कमी रह ही गयी होगी, उसके लिए बुलेटिन परिवार क्षमाप्रार्थी है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति कल, शामिल होंगे नड्डा और सीएम योगी

**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)।** भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक रविवार को राजधानी के डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अंबेडकर सभागार में होगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। इसमें राजनैतिक प्रस्ताव भी पारित करने के साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के रोडमैप और प्रदेश संगठन के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। इसके अलावा पार्टी के उन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका निधन हुआ है। सूत्रों के मुताबिक कार्यसमिति की बैठक में करीब तीन प्रस्ताव रखे जाने की संभावना है। सबसे पहले राजनैतिक रखा जाएगा, जिसमें केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए जनता के साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया जाएगा। इसके अलावा दूसरा आर्थिक प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इसमें प्रदेश के विकास से हुए आर्थिक विकास के साथ ही डबल इंजन की सरकार के बेहतर कार्यों की भी चर्चा होगी। जबकि तीसरे प्रस्ताव के तौर पर सोशल मीडिया को और प्रभावी बनाने से संबंधित रहेगा। दरअसल लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा के दौरान शीर्ष नेतृत्व से लेकर प्रदेश सरकार और संगठन ने भी सोशल मीडिया को और सक्रिय रखने के सुझाव आए थे, इसलिए कार्यसमिति की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पर प्रमुखता से चर्चा होने की उमीद है।

## नेता बनने का शौक नहीं, शहर को उत्तम बनाना है : अंकुर दुआ



**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** स्व. उत्तम चंद्र शर्मा की श्रद्धांजलि सभा में जुटे तमाम गणमान्य लोगों का आभार जताते हुए बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि उन्हें नेता बनने का शौक नहीं है, उनका उद्देश्य पत्रकारिता के माध्यम से शहर को उत्तम शहर बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना है। मैं पत्रकार के रूप में जहां हूं तमाम नेताओं के बराबर हूं। आज श्रद्धांजलि सभा में स्व.उत्तम चंद्र शर्मा के प्रति वक्ताओं की भावनाओं से जुड़ते हुए उन्होंने कहा कि छह बार प्रेस काउंसिल का सदस्य रहना कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं है। आज उनके पास जो कुछ है, वह बाबू जी की विरासत है। पत्रकारिता से उन्हें कोई स्वार्थ नहीं पूरा करना है। चार पृष्ठ का अखबार आज शहर की आवाज है। इसमें शहर के तमाम डॉक्टर, व्यापारी, वकील, सीए और सभी वर्गों के लोग जुड़े हैं। आज कहीं कोई गाय घायल होती है तो पाठक उसकी वीडियो और फोटो बुलेटिन को इस अपेक्षा से भेजते हैं कि उसका उपचार होगा। शहर छोटा है। आज एक मुहिम के रूप में शहर को जन सहयोग से सुधारने का संकल्प लिया है। शहर को उत्तम शहर बनाने का जो सपना है उसे पूरा करने में सभी के सहयोग की अपेक्षा है। यह अभियान रुकेगा नहीं। उन्होंने आज के आयोजन में सभी के सहयोग का आभार जताया।



## नई मंडी बिजली मामले में जेई हुए सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** नई मंडी बिजली घर में 72 घंटे तक विद्युत कटौती प्रकरण में जिम्मेदार मानते हुए नवीन मंडी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता आनंद पाल सिंह को सस्पेंड किया गया है। गत दिनों नवीन मंडी बिजली घर के दस एमवीए के दो ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद तीन दिन तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही थी। इससे जनता परेशान रही और मामला लखनऊ तक गूंजा। तीसरे दिन भी मंत्री के धरने के बाद रात में दो बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। इस मामले में अवर अभियंता को जिम्मेदार बताते हुए निलंबित कर दिया गया है।

# इंद्रमणि त्रिपाठी बने औरैया के जिलाधिकारी, यूपी में 11 आईएएस समेत 5 डीएम बदले



**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 5 जिलों के डीएम समेत 11 आईएएस अधिकारी बदले गए हैं। मुजफ्फरनगर में एडीएम रह चुके एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी डीएम औरैया बनाए गए हैं। प्रदेश सरकार ने देर रात 11 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इनमें अयोध्या समेत पांच जिलों के डीएम बदले गए हैं। प्रतीक्षारत चल रहीं निधि श्रीवास्तव को बदायूं का डीएम बनाया गया है। बदायूं के डीएम मनोज कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की सीईओ दिव्या मित्तल को देवरिया का डीएम बनाया गया है। देवरिया के डीएम अखंड प्रताप सिंह को उनके स्थान पर ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में भेजा गया है। सोनभद्र के डीएम चंद्र विजय सिंह को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्री नाथ सिंह को सोनभद्र और लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी को औरैया का डीएम बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव और इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज देवी शरण उपाध्याय को वेटिंग में रखा गया है।

## उपचुनाव में इंडी को 13 में से 10 सीटों पर मिली जीत

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर एनडीए बनाम इंडी गठबंधन की लड़ाई देखने को मिली, लेकिन इस बार इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा। भाजपा को उपचुनाव में सिर्फ दो सीटों पर जीत से संतोष करना पड़ा। बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है।

## अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन तीर्थ यात्रियों की मौत, चार घायल

**चित्रकूट, 13 जुलाई (एजेंसी)।** चित्रकूट मप्र के मझगवां थाना अंतर्गत सतना मार्ग के भरगवां मोड़ के पास तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने सामने से कार पर टक्कर मार दी। इससे कार सवार तीन की मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए। सभी दमोह व सागर जिले से चित्रकूट तीर्थ स्थान दर्शन करने के लिए आ रहे थे। दमोह व सागर जिले के दो परिवार के सदस्य शनिवार की सुबह कार से चित्रकूट तीर्थ स्थान में दर्शन करने के लिए आ रहे थे। जैसे ही चित्रकूट -सतना मार्ग के भरगवां मोड़ के पास पहुंचे सामने से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने कार पर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रक के अगले हिस्से में आधा घुस गया। यह देखते ही मौके पर स्थानीय लोग व पुलिस पहुंची। क्रेन से कार को ट्रक से बाहर निकाल उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें सागर जिला के नेहा नगर मारकोनिया निवासी चंद्रभान तिवारी (45) व सुदामा दुबे (75) की मौत मौके पर हो गई।

# बिजली चोरी के लिए अब एसडीओ और जेई भी होंगे जिम्मेदार

**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने बिजली चोरी रोकने की नई रणनीति बनाई है। इसके तहत औद्योगिक क्षेत्र के वितरण बाक्स की निगरानी की जाएगी। जिस इलाके में वितरण बाक्स से लगातार बिजली चोरी के मामले सामने आएंगे, वहां के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) और जूनियर इंजीनियर (जेई) व अन्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में हर साल करीब पांच हजार करोड़ की बिजली चोरी होती है। इसे रोकने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ ही विजिलेंस की टीम भी है। फिर भी मामले कम नहीं हो रहे हैं। पिछले दिनों कराए गए सर्वे में यह बात भी सामने आई कि बिजली चोरी के मामले में किसी न किसी रूप में विभागीय मिलीभगत भी है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने खुद विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह बात कही और कार्य प्रणाली सुधारने का निर्देश दिया। इस निर्देश के बाद विभाग ने राजस्व रणनीति तैयार की। इसके तहत अब चोरी वाले इलाके में वितरण बाक्स की निगरानी की जाएगी। यदि बाक्स खुले हुए हैं तो उस बाक्स से केवल वैध कनेक्शन जोड़ कर सिंचल चाबी वाले ताले लगाए जाएंगे। इसी तरह पतली गलियों के सभी एलटी पोल के वितरक परिवर्तक लाइन को भी चेक किया जाएगा। अवैध केबिल हटाए जाएंगे। इसके बाद भी बिजली चोरी की स्थिति लगातार बनी हुई है अथवा कुछ दिन चोरी रुकने के बाद फिर से पुरानी स्थिति हो जाती है तो संबंधित क्षेत्र के खंड अधिकारी और जूनियर इंजीनियर को जिम्मेदार बनाया जाएगा। उनकी भूमिका की भी जांच होगी।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में चल रहे डिजिटल अटेंडेंस के विरोध के बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही इसे वेतन बिल के साथ प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। इससे अब यहां भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर सख्ती की जाएगी। राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में 2022 में व उससे पूर्व भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने का आदेश हुआ था। इसके परिणामस्वरूप काफी जीआईसी, जीजीआईसी में यह व्यवस्था लागू भी हुई है। किंतु ग्रामीण क्षेत्र के काफी राजकीय व एडेड माध्यमिक विद्यालयों में यह व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने प्रदेश के सभी 2389 से अधिक राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में इसे प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं।**

## राज्यकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)।** राज्यकर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष कुमार भारती(39) की पत्नी नीलम भारती ने शनिवार सुबह घर पर ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। हालांकि मृतका के परिजन बहनोई पर हत्या करने का आरोप लगा कर तहरीर दी है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। मूलरूप से गाजीपुर के रहने वाले संतोष कुमार परिवार के साथ अंसल में परिवार के साथ रहते हैं। सुबह करीब आठ बजे वह जिम चले गए थे। उनकी दोनों बेटियां खुशी और श्रेया स्कूल चली गई थीं। करीब डेढ़ घंटे बाद जब संतोष घर आए तो देखा कि दरवाजे खुले हुए हैं। वह भीतर गए तो वहां देखा कि पत्नी नीलम फंदे पर लटक रही हैं। उन्होंने शव को फंदे से उतारा। पत्नी के शव देखकर संतोष सन्न रह गए। उन्होंने पहले पड़ोस में रहने वाले एक अफसर को जानकारी दी।

## बेटे की शादी के एक दिन बाद बाइक सवार पिता की मौत

**छपार, 13 जुलाई (बु.)।** अपने दामाद के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे एक बुजुर्ग की अचानक बाइक से गिरने के कारण मौत हो गई। मृतक एक दिन पहले ही अपने बेटे का विवाह कराकर पुत्रवधु को घर लाया था, इस कारण घर में खुशियों का माहौल था। पिता की मौत होने के कारण परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने बिना कार्यवाही के ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। छपार थाना क्षेत्र के गांव भैंसरहेड़ी निवासी 65 वर्षीय ओमप्रकाश अपने दामाद अरविन्द के साथ शनिवार को किसी कार्य से मोरना आया था। अरविन्द बाइक चला रहा था ओमप्रकाश पीछे बैठे हुए थे। जैसे ही वह मोरना में भोकरहेड़ी मोड़ पर मुड़े तभी अचानक ओमप्रकाश बाइक से नीचे गिर गये। आनन-फानन में उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन मृतक के शव को बिना किसी भी कार्यवाही के अपने साथ ले गये। मृतक के पुत्र अर्जुन की शुक्रवार को शादी सम्पन्न हुई थी। बेटे की शादी के बाद पिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## कच्छाधारियों ने महिला के हाथ से कंगन को उड़ाया

**भोपा, 13 जुलाई (बु.)।** रात में मच्छरदानी में सो रही महिला के हाथ से कच्छाधारी चोरों ने कंगन को खींच लिया। दम्पत्ति के द्वारा शोर मचाने पर चोर फरार हो गये। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बहुपुरा निवासी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात वह तथा पत्नी उषा घर के आंगन में मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे कि आधी रात के करीब 3 बजे पत्नी उषा अचानक चिल्लाई, जिस पर उसने सोचा कि उषा भयानक सपना देखकर डर गयी। पत्नी ने उसे बताया कि कोई व्यक्ति मच्छरदानी को काटकर उसके हाथ से कंगन खींच ले गया है, जिसके बाद दम्पत्ति ने शोर मचाया, तो ग्रामीण इकठ्ठा हो गये। वहीं गाँव में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गये, जिसमें कुछ व्यक्ति कच्छा पहने हुए भागते हुए दिखाई पड़े हैं। कच्चाधारियों को ग्रामीणों ने चोर बताया है। पीड़ित दम्पती ने बताया कि चोर दीवार फांदकर घर में घुस गये थे और किसी धारदार हथियार से मच्छरदानी को काटकर उषा के हाथ से सोने के कंगन को खींच लिया, जिसकी कीमत लगभग 45 हजार रुपए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की है।

# चिकित्सक के क्लीनिक में तोड़फोड़



**भोपा, 13 जुलाई (बु.)।** कस्बे में अज्ञात व्यक्ति ने एक दुस्साहसिक घटना को अंजाम देते हुए मुख्य बाजार में स्थित एक चिकित्सक के क्लीनिक में तोड़फोड़ करते हुए उसकी एलसीडी तोड़ दी। चिकित्सक ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। कस्बा व थाना भोपा निवासी चिकित्सक विपुल वालिया ने बताया कि भोपा के मुख्य बाजार में रविदास मंदिर के पास उसका डॉक्टर रामकुमार वालिया मैमोरियल अस्पताल के नाम से अस्पताल है। चिकित्सक ने बताया कि बीते गुरुवार/ शुक्रवार की रात कोई अज्ञात व्यक्ति अस्पताल की छत पर चढ़ा और अस्पताल के लिंटर में बने जाल के अंदर से छत पर रखे लोहे के पाइप से अस्पताल की दीवार पर लगी एलसीडी पर वार कर दिया और उसे तोड़ डाला। चिकित्सक की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन करने अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**भोपा, 13 जुलाई (बु.)।** भोकरहेड़ी--बसेड़ा मार्ग पर सप्ताह पूर्व ट्रक की टक्कर लगने से घायल हुए युवक का मेरठ अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहाँ उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कुवाँपट्टी निवासी 28 वर्षीय राहुल अपने रिश्तेदार विनीत के साथ बीते 6 जुलाई की सुबह बाइक द्वारा हरिद्वार क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में कार्य करने जा रहा था। जैसे ही वह भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर गांव सिकन्दरपुर में पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक संख्या UK 17CA4232 ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें राहुल व विनीत घायल हो गये थे। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा भोपा अस्पताल ले जाया गया था, जहाँ से गम्भीर हालत के चलते राहुल को मेरठ अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहाँ शुक्रवार की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को राहुल का शव घर लाया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रचना व तीन छोटी बच्चियों को छोड़ गया है।

# मामूली लालच में बागवान ले रहे बेजुबान पक्षियों की जान

### बागवानों द्वारा बाग में लगाए गए जाल में फंसकर तड़प-तड़प कर हो रही परिंदों की मौत



**मीरापुर, 13 जुलाई (बु.)।** आम व लीची के बाग ठेके पर लेकर अच्छा मुनाफा कमाने के लालच में बागवान बेजुबान परिंदों की जान ले रहे हैं। बागवानों द्वारा मामूली लालच के लिए लगाए गए जाल में फंसकर बेजुबानों परिंदों की तड़प-तड़प कर मौत हो रही है। पर्यावरण बचाने की दुहाई देने वाला वन विभाग उक्त मामले से अंजान बना हुआ है।

इंसान को अगर मामूली खरोंच भी आये तो वह चींख चींखकर आसमान सिर पर उठा लेता है, किन्तु बेजुबान पक्षियों की मौतों पर बोलने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। मीरापुर क्षेत्र में आम व लीची के दर्जनों बाग हैं। लीची व आम की फसल में परिंदों से होने वाले मामूली नुकसान से बचने के लालच में बागबान पेड़ों के चारों तरफ बारीक धागे से बना हुआ जाल लगा देते हैं, जिसके बाद अगर कोई पक्षी बाग के ऊपर से निकलता है, तो वह इस जाल में फंस जाता है और फिर कभी निकल नहीं पाता। जाल में फंसकर उसके प्राण पखेरू हो जाते हैं। कई बागों में लगे जाल में फंसकर परिंदे तड़प तड़पकर मर रहे हैं जाल में फंसे मृत पक्षियों के अवशेष आज भी इसका प्रमाण है, लेकिन पर्यावरण बचाने का संदेश देने वाले वन विभाग को इन बेजुबान परिंदों के अवशेष नजर नहीं आ रहे। मामूली लालच के लिए बेजुबान परिंदों की जान के भक्षक बन चुके इन बागवानों पर प्रकृति रक्षक भी कार्यवाही करने के लिए तैयार नहीं है। इसी के चलते कभी परिंदों के लिए सबसे सुरक्षित माना जाने वाला यह क्षेत्र इस समय परिंदों के लिए श्मशान साबित हो रहा है।

**.....इन्होंने कहा**

**इस प्रकार की आज तक कोई सूचना ही नहीं मिली है। यदि ऐसा हो रहा है तो बेहद गंभीर है। वन विभाग पक्षियों को बचाने के लिए किसानों को जागरूक करेगा। यदि फिर भी ऐसा होता है, तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।**

**रविकांत चौधरी**
**वन क्षेत्राधिकारी, जानसठ रेंज।**

# डिजिटल अटेंडेंस : सरकार ने बढ़ाई सख्ती, शिक्षक अड़े

**लखनऊ, 13 जुलाई (एजेंसी)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल अटेंडेंस को लेकर शनिवार को भी शिक्षकों का विरोध जारी रहा। वहीं डिजिटल अटेंडेंस पर सख्ती किए जाने और शिक्षकों से इसे लगवाने के विभागीय दबाव के बाद कई जिलों में शिक्षक संकुल ने इस काम से सामूहिक त्यागपत्र दे दिया। साथ ही शिक्षकों ने अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर का सरकारी काम में प्रयोग न करने की भी बात कही है। कई जिलों में विद्यालय जा रहे शिक्षा अधिकारी शिक्षक संकुलों पर भी इस बात का दबाव बना रहे हैं कि वह शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस लगवाएं। इसके विरोध में अमेठी, बरेली, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी आदि जिलों के शिक्षक संकुल ने त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने संकुल कार्य में रुचि न होने को इसका कारण बताया है। शिक्षक नेताओं के अनुसार कई जगह पर खंड शिक्षा अधिकारी आदि स्कूलों में जाकर डिजिटल उपस्थिति के लिए शिक्षकों को डरा-धमका रहे हैं तो कहीं वेतन रोकने की भी धमकी दे रहे हैं। अधिकारी शिक्षकों से कह रहे हैं कि आप यदि अपनी उपस्थिति नहीं देना चाहते हैं तो बच्चों की डिजिटल उपस्थिति दें। हालांकि अधिकांश शिक्षकों ने इसका विरोध किया। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि शिक्षाधिकारी शिक्षकों पर डिजिटल अटेंडेंस देने का दबाव बना रहे हैं जो अनुचित है। विभाग शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान खोजे, उनकी मांगे माने जाने से पहले डिजिटल अटेंडेंस नहीं दर्ज कराई जाएगी। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह शर्मा ने सभी शिक्षकों से विभाग के सभी ग्रुप छोड़ने की अपील की है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डॉ. शर्मा ने लिखा कि टैबलेट लॉगिन के लिए ओटीपी शिक्षक के पर्सनल नंबर पर आ रही है। दूसरी तरफ विद्यालय में फोन प्रयोग करने पर शिक्षक को निलंबित किया जा रहा है। इसलिए आप केवल शिक्षण करें, मांगे माने जाने तक अपने व्यक्तिगत नंबर से कोई विभागीय सूचना दें,

## बुलेटिन संस्थापक उत्तम चन्द्र शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्री कपिल देव व अन्य



